# कैंसर में दर्द प्रबंधन के लिए मॉर्फीन के सुरक्षित उपयोग के सर्वोत्तम उपाय

**कैंसर से जुड़ा दर्द नियंत्रित किया जा सकता है! सही उपचार से 90-100% दर्द से राहत संभव है। मॉर्फीन को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन करें:**

मॉर्फीन नशे की लत नहीं लगाती यदि इसे डॉक्टर के अनुसार लिया जाए। हालांकि, समय के साथ शरीर को ऊंची खुराक की आवश्यकता हो सकती है, जो सामान्य है

दवा को अचानक बंद न करें, भले ही दर्द कम हो जाए। इसे केवल डॉक्टर की सलाह पर बंद करें

मॉर्फिन से कब्ज (constipation) हो सकता है। अपने डॉक्टर द्वारा बताई गई रेचक दवा नियमित रूप से लें

हल्की उनींदापन, चक्कर, मतली या खुजली शुरू में हो सकती है, लेकिन आमतौर पर एक हफ्ते में ठीक हो जाती है। इन कारणों से दवा न रोकें

दवा केवल अस्पताल या मेडिकल टीम से ही लें, क्योंकि यह बाहर उपलब्ध नहीं है। इसे बच्चों और उन लोगों से दूर रखें जो इसका दुरुपयोग कर सकते हैं

दवा को किसी और के साथ साझा न करें—यह अवैध और असुरक्षित है

## अपने डॉक्टर को तुरंत बुलाएं यदि:

- दर्द ठीक से नियंत्रित नहीं हो रहा है
- बहुत अधिक उनींदापन महसूस हो रहा है
- गंभीर कब्ज हो गया है
- मॉर्फीन का स्टॉक खत्म होने वाला है

**सुरक्षित और प्रभावी दर्द निवारण के लिए अपने डॉक्टर की सलाह का पालन करें**